तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

अयोध्या नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया ईशर-गौरा... 12



गोवर्धन पूजा कर गाय को खिलाई गई खिचड़ी 12



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत

**महासमुंद।** अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर के पलटने से उसे चला रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामला ग्राम कुरमाडीह का है। रिपोर्ट पर बसना थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को आकाश चौहान ने बताया कि 22 अक्टूबर के सुबह उसके पिता बृजलाल चौहान ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीडी 5895 को लेकर खेत काम करने के लिये गए थे। करीबन 7.20 बजे कुरमाडीह से बरभांठा जाने का कच्चा मार्ग में छोटी डोंगरी के पास चढ़ाव में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसके पिता वाहन के नीचे दब गए और सिर, पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई और उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर धारदार हथियार से हमला व मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खैरा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर कुछ लोगों ने मारपीट कर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला किए जाने का मामला सामने आया है। सिटी कोतवाली महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस को प्रार्थी वेद प्रकाश चंद्राकर ने बताया कि उसकी बुआ के लड़के टिकेश्वर चंद्राकर ने नशे की हालत में गाली गलौज कर रहे फागूलाल विश्वकर्मा, होरी विश्वकर्मा और लोकेश्वर विश्वकर्मा को मना किया। जिस पर सभी ने एक राय होकर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर मारपीट करते हुए टिकेश्वर के पेट एवं सिर में लगातार चोट पहुंचाई। आरोपियों ने बीच बचाव करने आए प्रार्थी, केशव चंद्राकर के साथ भी मारपीट की। जिसमें केशव चंद्राकर को चोटें आई। आरोपियों के विरूद्ध धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# हर बुधवार को चलेगा नगर पालिका का टैक्स वसूली अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टैक्स वसूली की धीमी रफ्तार के चलते पालिका

- **बुधवार को डोर-टू-डोर टैक्स वसूली अभियान की तैयारी में है नगर पालिका प्रशासन, अब तक केवल 14 प्रतिशत ही टैक्स वसूली**

द्वारा हर बुधवार को डोर-टू-डोर टैक्स वसूली अभियान की तैयारी में है। बता दें कि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक महज 14 प्रतिशत ही टैक्स वसूली हो पाई है। अभियान की शुरुआत 22 अक्टूबर बुधवार से होनी थी। लेकिन, त्योहारी माहौल के चलते यह अभियान अगले सप्ताह से शुरु होगा। बता दें कि पिछले वर्षों का बकाया वसूली 7 और वर्तमान मिलाकर कुल 10.74 प्रतिशत ही टैक्स की वसूली हो पाई है।

शहर में संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, दुकानों का किराया, निर्यात कर, यूजर चार्ज आदि वसूल किया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष में कुल बकाया 417.76 लाख रुपए है। वसूली 58.55 लाख हुई है। पूर्व वर्षों का कुल बकाया 495.24 लाख रुपए है। वसूली 39.51 लाख वसूली हुई है। कुल बकाया 912 लाख रुपए है। इसमें वसूली 98.60 वसूली हुई है। हर साल दीपावली के बाद नगर पालिका द्वारा अभियान चलाया जाता है।

नगर पालिका के राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर ने बताया कि टैक्स वसूली के लिए अभियान चलाया जाएगा। डोर-टू-डोर जाकर टैक्स एकत्रित किया जाएगा। इसी बुधवार से अभियान प्रारंभ होना था, लेकिन अगले बुधवार से अभियान प्रारंभ होगा।

## त्योहारी माहौल के चलते यह अभियान अगले सप्ताह से शुरु होगा

### वसूली की धीमी रफ्तार

दुकानों का किराया हो या समेकित कर सुस्त गति से वसूली हो रही है। दुकानों का कुल बकाया 13.09 लाख और वसूली 1.57 लाख हुई है। 11 प्रतिशत ही वसूली हो पाई है। पिछले वर्ष का बकाया 8.77 लाख है। वसूली 1.29 लाख रुपए हुई है। कुल बकाया 61.24 लाख है। वसूली 2.76 लाख ही हो पाई है। 4.54 प्रतिशत टैक्स वसूला जा सका है।




### संपत्ति कर की मात्र 9 प्रतिशत वसूली

संपत्ति कर में कुल बकाया 88.86 लाख बकाया है। वसूली 8.18 लाख वसूली हुई है। 9.21 प्रतिशत वसूली हुई है। पिछले वर्ष का बकाया 35 लाख व वसूली 8.89 लाख हुई है। 25 प्रतिशत वसूली हुई है। कुल बकाया 124 लाख और 17.97 कुल वसूली और वसूली का प्रतिशत 13.77 है।

### जलकर वसूली पिछड़ी

सबसे ज्यादा बकाया जलकर का है। चालू वर्ष में कुल बकाया 133.55 लाख है। वसूली 16.21 लाख रुपए है। 12.14 प्रतिशत वसूली हुई है। पिछले वर्षों का बकाया 307.48 लाख है। 21.55 लाख बकाया है। वसूली सात प्रतिशत हुई है। कुल बकाया 441.03 लाख व 37 लाख वसूली हुई है। ऑनलाइन टैक्स भुगतान की सुविधा प्रदान की गई है, लेकिन लोग इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं और नगर पालिका की टीम अब डोर-टू-डोर अभियान चलाने के लिए वार्डों में जाने की तैयारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान नल कनेक्शन भी काटे जा सकते हैं।

## कार्रवाई : जुआरियों से जब्त हुआ पौने 8 लाख रुपए कैश बरामद

# होटल के हॉल में चल रहा था जुआ आधी रात रेड में पकड़ाए 18 जुआरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

होटल के हॉल में रुपए पैसे का दांव लगाकर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे 18 जुआरियों को पुलिस ने रंगे हाथ ताश की पत्तियों के साथ पकड़ा। जुआरियों से पौने आठ लाख जब्त हुए वहीं उनसे जब्त सामान सहित कुल जुमला 47 लाख 11 हजार का रहा। शहर के रायपुर रोड स्थित बालाजी होटल में बड़े पैमाने में जुआ खेलने और जुआरियों के जुटने की खबर के बाद कोतवाली पुलिस ने बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात जुआ रेड कार्रवाई की।



कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रात में मुखबिर से सूचना मिली कि रायपुर रोड स्थित बालाजी होटल के तीसरी मंजिल के हॉल में कुछ लोग रुपए पैसे का हारजीत का दांव लगाकर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। तथा इस स्थान पर होटल बालाजी का संचालक अजय नायडू लोगों को संगठित कर अवैध धन अर्जन करने के आशय से जुए का फड़ चला रहा है। प्राप्त सूचना को थाना के रोजनामचा में एंट्री कर 02 साक्षी लक्की पिता राजेश चन्द्राकर पतेरापाली व दिलीप पिता छेदीलाल साहू महामसुंद को आरक्षक 915 यादराम चक्रधारी के माध्यम से थाना तलब किया गया। मुखबिर की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बालाजी होटल के तीसरी मंजिल हॉल में दबिश दी जहां जुआडियान 52 पत्ती ताश पत्ती से रुपए-पैसे से हारजीत का दांव लगाकर ताश से काट पत्ती नामक जुआ खेलते मिले।

### इनके खिलाफ हुई कार्रवाई

जुआ रेड के दौरान पकड़े गए जुआरियों में नीरज पिता ईश्वर चंद्राकर, कृष्ण कुमार पिता जेआर साहू, राहुल पिता नरेश जैन, तुषार पिता मोहन चौहान, जितेंद्र कुमार पिता धरमदास कुकरेजा, रणवीर सिंह पिता भूपेंद्र सिंह, रिंकू उर्फ़ धर्मेंद्र पिता कन्हैया जैन, रवि पिता अशोक माहेश्वरी, अभिषेक पिता गौतम चंद जैन, मेहुल पिता नरेश सूचक, शशांक पिता नरेश जैन, आनंद पिता बालूलाल कामदार, कुणाल पिता कमलेश चंद्राकर, करण पिता अशोक चंद चोपड़ा. हितेश पिता मोहन चौहान, जसमीत पिता जसबीर सिंग, विपिन पिता नारायण चंद्राकर, राजेश पिता धनजी भाई सभी निवासी महासमुंद शामिल हैं। इनके खिलाफ धारा 3(2), 5 जुआ अधिनियम एवं 111, 112 अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## श्रद्धा और हर्षोल्लास से मनाया गया भाई दूज का पर्व

# बहनों ने भाइयों को तिलक कर लंबी उम्र की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली के दो दिन बाद कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व 'भाई दूज' गुरुवार को पारंपरिक हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही ग्रामीण अंचलों में विशेष उत्साह का माहौल रहा। विवाहित और अविवाहित बहनें पारंपरिक वेशभूषा में अपने भाइयों के घर पहुंचीं।

उन्होंने पूजा की थाली में रोली, चावल और मिठाई सजाकर शुभ मुहूर्त में भाइयों के माथे पर श्रद्धापूर्वक टीका किया। भाई दूज को यम द्वितीया और भातृ द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है। रक्षाबंधन पर जहां बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है, वहीं भाई दूज पर वह उसके माथे पर तिलक लगाकर सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना करती है। ग्रामीण अंचलों में आज भी पुरातन कथा के साथ पूजा की जाती है। महिलाओं ने रूई से भाई बनाकर कहानी कही और गोवर्धन महाराज की परिक्रमा लगाकर अपने भाई की लंबी उम्र की प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने अपने भाइयों को टीका किया। कई स्थानों पर भाई-बहनों ने पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पवित्र नदियों के घाटों पर एक साथ स्नान भी किया, जिससे उनके रिश्ते में अटूट प्रेम बना रहने की मान्यता है। इस मौके पर भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार दिए और जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन दोहराया।



### भाई दूज पर बहन ने भाई के कलाई को रेशम के धागों से बांधा

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में गुरुवार को भाई बहन के प्यार एवं रक्षा का पर्व भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया। सुबह से ही बहन भाई के लंबी उम्र की कामना के लिए पूजा अर्चना करते नजर आयी। बहनों ने भाई के माथे पर चंदन लगाते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। परंपरा के अनुसार एक दूसरे को उपहार सामग्री प्रदान किया। अंचल में भाई दूज को लेकर सुबह से उत्सव का माहौल रहा। घरों के आंगन में भाई बहन के घर आने-जाने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। पश्चात दोपहर तक बहनों की भाई के घर आना जारी रहा। इस दौरान बहनों ने भाईयों के हाथ पर पान का पत्ता एवं चंदन का तिलक हाथ में लगाकर भाई की लंबी उम्र की कामना की।

### गांवों में पहुंच रहे भालू, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**नर्रा।** कोमाखान के समीपस्थ ग्राम अमेरा और उखरा गांव में भालू रात में रोज पहुंच रहे है, इससे ग्रामीणजन भयभीत है। वन्यप्राणी भालू जंगल को छोड़कर गांव की ओर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भालू गांव के गलियों में घूमते नजर आते हैं। जानकारी मिली है कि भालू बीते रात में घर के दरवाजे को तोड़कर तेल पी गए। इसी तरह कोमाखान समीपस्थ ग्राम बिड़ोरा गांव के ग्रामीण दहशत में जी रहे है। वहां के ग्रामीणों ने बताया कि कई घरों के दरवाजे तोड़ कर टिन में रखे तेल को पी जाते हैं। घरों की छत छप्पर पर भी चढ़ते हैं। शाम सात से आठ बजते ही गांवों के दरवाजे बंद हो जाते है। लोग भालू के दहशत के चलते रात में दरवाजा खोलने में घबरा रहे हैं। बीते एक माह में तीन घटनाएं घट गई हैं। अमेरा गांव की एक महिला पर भालू ने हमला किया था। वहीं बिड़ोरा गांव के दो लोगों पर हमला एवं तीसरी घटना लक्ष्मीपूजन, ईशर- गौरा पूजन की रात ग्राम दरबेकेरा बैंगा लखनसिंह ठाकुर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बागबाहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 53 फोरलेन पर मंगलवार की रात 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम सिंघनपुर (झलप) निवासी ललित ढीढी अपने ससुराल भजपुरी (भगतदेवरी) थाना सांकरा जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से रौंद दिया और चालक वाहन सहित फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ललित ढीढी पिता बरकू राम ढीढी (28 वर्ष) मंगलवार की रात अपने घर से अकेले मोटरसाइकिल (बिना नंबर प्लेट की प्लेटिना) से ससुराल भजपुरी आ रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 फोरलेन में बल्दीडीह क्रॉसिंग से पहले लोहराकोट गांव की सीमा पर रात्रि लगभग 9 बजे किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से रौंदते हुए मौके से भाग निकला। इस भीषण हादसे में ललित ढीढी का दोनों पैर पूरी तरह कुचल गया। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी राहगीरों ने तत्काल पुलिस 112 एंबुलेंस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की 1033 एंबुलेंस को दी। सूचना पर दोनों एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और ललित ढीढी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंचे। देर रात होने के कारण शव का पोस्टमार्टम बुधवार को किया गया।

## क्षेत्र में अन्नदाता किसान धान की कटाई कार्य में जुटे



**नर्रा।** दिवाली पर्व मनाने के बाद अब अर्ली वैरायटी छोटे किस्म की धान की कटाई कार्य में किसान जुट गए हैं। ज्ञात हो कि क्षेत्र में नवरात्र दशहरा पर्व पर हुई बारिश से खेत में पानी होने से टायर वाले हार्वेस्टर नही चल पा रही। चैन कुबोटा हार्वेस्टर की मांग बढ गई है। चार हजार रुपए प्रति घंटा की दर से कटाई की जा रही है। वहीं छोटे किसान ही मजदूर व हंसिया से कटाई करा रहे है। मौसम में उतार चढ़व के चलते फसल में कीट प्रकोप से किसान त्रस्त है। दवाई का छिड़काव करने के बावजूद बेअसर साबित हो रहे। सरना पान, जमुना, संमदा सरना बड़े किस्म की धान की बालियां निकल गई है। बाली पर माइठ का हमला से धान बदरा होने की खतरा बढ़ गया है। इससे धान की उपज में कमी देखी जा रही है। वहीं भूरा माहो कीट सीधे फसल को चूस कर पैरा कर देता है, इसे लेकर किसान परेशान नजर आ रहे हैं।

## श्रमिक आत्महत्या मामले में भट्ठा दलाल को भेजा गया जेल

# भट्ठा दलाल की प्रताड़ना से तंग एक और मजदूर ने जान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पटेवा थानांतर्गत ग्राम बनपचरी में श्रमिक आत्महत्या मामले में पुलिस ने भट्ठा दलाल जगत गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



दीपोत्सव पर्व के दौरान की गई कार्रवाई में आरोपी के खिलाफ धारा 108 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार इस मामले में और भी आरोपियों के नाम आने को संभावना है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बनपचरी निवासी श्रमिक शत्रुघन खडिया पिता राजाराम 40 वर्ष भट्ठा दलाल जगत गुप्ता के लिए मजदूर जुटाने का कार्य करता था। साथ ही उनसे संबंधित भट्ठों में काम भी करता था। एफआईआर के मुताबिक आरोपी जगत लगातार मृतक शत्रुघन पर बाहर जाने का दबाव डालते हुए उसे प्रताड़ित कर रहा था। मृतक के भाई चंद्रप्रकाश खड़िया ने बताया कि लंबे समय से भट्ठा दलाल के कड़े व्यवहार तथा बार-बार प्रताड़ना से शत्रुघन तंग आ चुका था। पुलिस ने बताया कि मृतक श्रमिक शत्रुधन पिता राजा राम खड़िया ने करीब डेढ़-दो माह पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर जगत गुप्ता पर मानसिक रुप से प्रताड़ित की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस जांच के दौरान ही 11 अक्टूबर को शत्रुधन ने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी जगत गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

एएसपी प्रतिभा पांडेय ने बताया कि आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया गया है और सभी कॉल डिटेल्स की जा रही है। आरोपी को भेज दिया गया है। धारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की 108 के तहत, यदि कोई व्यक्ति आत्महत्या करता है और यह साबित हो आता है कि किसी अन्य व्यक्ति ने उसे आत्महत्या के लिए उकसाया या मजबूर किया, तो उस व्यक्ति को 10 साल तक की सजा और जुर्माना दोनों हो सकते हैं। पहले यह अपराध आईपीसी की धारा 306 के अंतर्गत आता था, नए बीएनएस कानून में अब इसे धारा 108 में शामिल किया गया है।

### किशनपुर में भी एक श्रमिक की हुई थी मौत

बता दें इसी तरह ईंट भट्ठा दलालों की प्रताड़ना से तंग आकर माह भर पूर्व एक और श्रमिक ने भट्ठा दलाल के दफ्तर में ही फाँसी के फंदे पर लटककर अपनी जान दी। बता दें कि इस मामले में जलंधर नाम का एक युवा श्रमिक अपनी मां के लकवा की बीमारी के उपचार के लिये 40 हजार रुपए एडवांस लिया था। मां की बीमारी अधिक बढ़ने की वजह से वह भट्ठा नहीं गया तो मजदूर दलाल अपने दिये रुपयों की वसूली के लिए उसके घर आकर 40 हजार के एवज में 80 हजार की मांग करते हुए धमकाने लगे। 17 दिसम्बर के आसपास किशनपुर पहुंचकर श्रमिक जलंधर को भट्ठा दलाल उठाकर ले गये थे। और मारपीट की थी। फलस्वरूप श्रमिक ने भट्ठा दलाल के ऑफिस में ही खिड़की पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# पारिवारिक विवाद, मारपीट, तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर में एक पारिवारिक विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस झगड़े में एक महिला और उसके गोद में रहे मासूम को डंडे से चोट लगी है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

ग्राम रामपुर निवासी पद्मा रात्रे ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि 19 अक्टूबर की रात लगभग साढ़े आठ बजे वह अपने पति यादराम रात्रे के साथ घर पर बैठकर देवर राकेश रात्रे की शराब पीने की आदत के संबंध में चर्चा कर रही थी। उसी दौरान नानदाउ रात्रे और सदानंद रात्रे वहाँ पहुंचे और यादराम से कहने लगे कि हमने राकेश रात्रे को उसकी मजदूरी का पैसा दे दिया है। इस पर यादराम ने कहा कि हमने आपसे कुछ नहीं कहा है, आप बिना वजह बात बढ़ा रहे हैं। इतना सुनते ही नानदाउ रात्रे और सदानंद रात्रे गुस्से में आ गए



और अपने साथियों के साथ मिलकर यादराम और उसकी पत्नी पद्मा से गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने जान से मारने की धमकी दी और अपने हाथ में रखे डंडे से वार कर दिया। इस मारपीट में पद्मा के बाएं हाथ में चोट आई। उस समय वह अपने छोटे बेटे को गोद में लिए हुई थी, जिससे बच्चे को भी चोट पहुंची। मारपीट की यह आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और झगड़ा शांत कराया। इसके बाद यादराम और उसकी पत्नी ने बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों नानदाउ रात्रे, सदानंद रात्रे एवं उनके एक अन्य साथी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2)-बी, 296-बी, 3(5)-बी, तथा 351(2)-बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल को किया नमन



**रायपुर।** नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह को नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आमापारा के बुनकर सोसायटी भवन स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में निगम के संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह के देशप्रेम और उनके त्याग की भावना की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पांजलि दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि शहर के अलग-अलग स्थानों पर स्थापित महापुरूषों के प्रतिमा स्थल की सफाई पर ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में विद्युत और अभियांत्रिकी विभाग अध्यक्ष सुमन-अशोक पाण्डेय, जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह के परिजन, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रोड स्वीपिंग मशीन लगाकर 52 मार्गो की सफाई



**रायपुर।** दीपावली पर्व पर शहर भर में भारी मात्रा में निकलने वाले कचरे को साफ करने महापौर श्रीमती मीनल चौबे,आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर 7 रोड स्वीपिंग मशीन लगाकर 52 विभिन्न मार्गो की रात्रिकालीन सफाई करवाई गई। इस दौरान मुख्य मार्गो से पटाखों का कचरा सहित अन्य सामग्री और रैपर सफाई के दौरान साफ कराया गया। मेकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन का उपयोग सिविल लाईन, पंचशील नगर सहित लगभग अन्य मार्गो में 20 और 21 अक्टूबर की रात्रि को रात्रिकालीन सफाई अभियान के तहत किया गया। राजधानी के 2 लेन, 4 लेन और 6 लेन मार्ग से धूल की सफाई और सड़क तथा डिवाइडर की धुलाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है।

### विधि-विधान से गो माता की पूजा-अर्चना



**रायपुर।** बूढ़ेश्वर चौक रायुपर स्थित श्री संकट मोचन की हनुमान मंदिर गौशाला में अन्नकूट के पावन अवसर पर गोवर्धन पूजा मंत्र उच्चारण विधि विधान से गौ माता का पूजा-अर्चना की गई। सबसे पहले गौ माता का स्नान किया गया और प्रसादी के रूप में खिचड़ी खिलाया गया। साथ ही संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रसादी वितरण भी किया गया, जिसमें सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी का दर्शन का लाभ लिया। संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर के वर्तमान महंत राजेश शर्मा ने सभी भक्तों को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ सुख शांति समृद्धि के लिए विशेष पूजा अर्चना की गई।

# 25 को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा चार दिवसीय छठ महापर्व, छठी मइया की स्तुति में गूंजेंगे लोकगीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वच्छता का प्रतीक और लोक आस्था से जुड़े चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय साथ होगी। इस महापर्व को भव्य रूप से मनाने छठ महापर्व आयोजन समिति तैयारियों में जुट गई है। महादेवघाट पर 27 अक्टूबर की संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुंबई से जानी-मानी अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका स्वाति मिश्रा छठी मइया की महिमा का गुनगान करने मंच पर होंगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शहर में 50 से अधिक स्थानों पर छठ महापर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसमें खारुन नदी के महादेवघाट, बूढ़ातालाब, बिरगांव के व्यास तालाब सहित राजधानी के अन्य तालाबों के घाटों पर छठी मइया की पूजा अर्चना की जाएगी। इस मौके पर घाटों की सफाई और रंगरोगन कर तालाब किनारे वेदी सजाकर पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना की जाएगी।

छठ महापर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने चर्चा में बताया कि छठ पर्व एक ऐसा पर्व है, जिसमें डूबते हुए सूर्य और उगते हुए सूर्य की पूजा की जाती है। सूर्य उपासना के इस लोक महापर्व में पवित्र स्नान, उपवास और लंबे समय तक पानी में खड़ा होना, सूर्य देवता को अर्घ्य देना शामिल है।

**सवा लाख दीपों से जगमग होगा महादेवघाट, गंगा महाआरती 27 को, छठ महापर्व आयोजन समिति तैयारी में जुटी**



### सवा लाख दीपों से जगमगाएगी खारुन, गंगा आरती

खारुन नदी के महादेवघाट पर27 अक्टूबर की शाम सवा लाख दीपों से गंगा आरती की जाएगी। बनारस की तर्ज पर होने वाली गंगा महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसी दिन लोकधारा के मशहूर कलाकार तिलक राजा साहू और केशरी साहू की टोली छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति देने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेगी। इसके अलावा इलाहाबाद से आमंत्रित सोनाली ओर तरूण चोपड़ा की टीम आकर्षक झांकी के बीच सुंदर नृत्य नाटिका पेश करेगी। पत्रकारों से चर्चा में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आयोजन समिति, जिला प्रशासन और रायपुर नगर निगम के सहयोग से खारुन नदी के महादेवघाट सहित सभी घाटों की सफाई कराई जा रही है। इसी तरह नवा रायपुर अटल नगर में झांझ तालाब के किनारे छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के उप प्रमुख कन्हैया सिंह, संतोष सिंह, प्रचार-प्रसार सचिव ब्रजेश सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, सत्येंद्र सिंह गौतम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चैंबर सभागार में दीपावली मिलन समारोह

# जीवन और व्यापार में सकारात्मक ऊर्जा के साथ करें चुनौती का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से राबांबे मार्केट स्थित चैबर भवन सभागार में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, हमें अपने जीवन और व्यापार में आने वाली हर चुनौती का सामना सकारात्मक ऊर्जा के साथ करना चाहिए। दीपावली पर्व की बधाई देते हुए उन्होंने कार्यक्रम में शामिल व्यापारी बंधुओं से प्रदेश की उन्नति में एकजुट होकर योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में विधायक मोतीलाल साहू, उत्तर विधायकपुरंदर मिश्रा ने व्यापार जगत की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारिगण प्रदेश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। दीपावली का यह पर्व हमें एकजुटता और सौहार्द का संदेश देता है। चैंबर मिलन समारोह इसी भावना को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है। समारोह के दौरान विकसित व्यापार का आधार चैंबर परिवार के नारे गूंजे । कार्यक्रम में शामिल चैंबर के पदाधिकारियों और व्यवसायिओं ने संयुक्त रूप से दीप जलाए,एक दूसरे को गले लगकर दीपावली की बधाई दी।



दीपावली मिलन समारोह में चैंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, अमर गिदवानी, चतुर्भुज अग्रवाल, यू.एन. अग्रवाल, लालचंद गुलवानी,जगदीश अग्रवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल,पूर्व संरक्षक आसुदाराम वाधवानी, पूरनलाल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सलाहकार तिलोकचंद बरडिया, लखमशी पटेल, अरविंद जैन, किशोर आहूजा, सुशील अग्रवाल, मोहन लाल तेजवानी, अशोक मलानी, चंदर विधानी, अमरजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र बरलोटा, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, ललित जैसिंघ, विनय बजाज, विक्रम सिंहदेव, जसप्रीत सलूजा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र दोशी, राम मंधान, हरख मालू, संजय क्रानूँगा कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, विकास आहूजा, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन, निलेश मूंदड़ा, टी.श्रीनिवास रेड्डी, ट्रांसपोर्ट चैंबर अध्यक्ष हरचरण सिंह साहनी, महिला चेंबर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता, महामंत्री मनीषा तारवानी, कोषाध्यक्ष नम्रता श्रीकांत अग्रवाल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### कैट के दीपावली मिलन में स्वदेशी संकल्प पर जोर

कैट का दीपावली मिलन समारोह पंडरी स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि ,व्यापारी,उद्योगपति, समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने और स्वेदशी संकल्प के साथ दीप प्रज्वलित कर दीपावली पर्व की बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव,प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि कैट का उद्देश्य हर व्यापारी तक स्वदेशी का संदेश पहुंचाना और भारतीय व्यापार को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ कैट के संरक्षक आसुदामल वाधवानी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, रामजी भाई पटेल, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, तथा गणमान्य नागरिक एवं व्यापारी नेता विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## बस्तर ओलिंपिक 2025 : मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में खेलों के माध्यम से शांति और समरसता का संदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग में युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से 'बस्तर ओलंपिक 2025' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में गृह (पुलिस) विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाला यह आयोजन प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में बस्तर की नई पहचान बनेगा। बस्तर ओलंपिक 2025 के प्रति लोगों में उत्साह का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि अब तक बस्तर संभाग के 7 जिलों से 3 लाख 91 हजार 289 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। इनमें 1 लाख 63 हजार 668 पुरुष और 2 लाख 27 हजार 621 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। यह संख्या न केवल बस्तर के युवाओं का खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि बस्तर की धरती पर अब खेल एक नई सामाजिक चेतना और समान भागीदारी का प्रतीक बन चुके हैं । प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, कराते, वेटलिफ्टिंग और हॉकी जैसे खेल शामिल हैं। इसमें न केवल आधुनिक खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा, बल्कि स्थानीय परंपरा से जुड़े खिलाड़ियों को भी मंच मिलेगा।

- बस्तर संभाग के 7 जिलों से 3 लाख 91 हजार 289 खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन

### विसखंड स्तर पर प्रतियोगिता 25 से

प्रतियोगिताएं तीन स्तरों-विकासखण्ड, जिला और संभाग स्तर-पर आयोजित हो रही हैं। विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता 25 अक्टूबर से, जिला स्तर पर 5 नवंबर से और संभाग स्तर पर 24 नवंबर से आयोजित की जाएगी। विजेताओं को जिला और संभाग स्तर पर नगद पुरस्कार, मेडल, ट्रॉफी और शील्ड प्रदान की जाएगी। नगद राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से खिलाड़ियों के बैंक खाते में जमा की जाएगी। संभागीय स्तर के विजेता खिलाड़ियों को "बस्तर यूथ आइकॉन" के रूप में प्रचारित किया जाएगा। यह 'स्पोर्ट्स फॉर पीस' मॉडल बस्तर में नई सामाजिक चेतना का प्रतीक बनेगा।

## एनएचएम कर्मियों की फीकी दिवाली, न वेतन मिला, न 25 कर्मी की बहाली हुई, एडवांस भी रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 16 हजार संविदा कर्मचारियों की इस बार दिवाली फीकी रही। न तो उन्हें हड़ताल अवधि का वेतन मिला और न ही 5 फीसदी स्वीकृत वेतन वृद्धि दी गई। इतना ही नहीं, उनका अग्रिम भुगतान भी रुका हुआ है। विभागीय मंत्री के आश्वासन के बाद भी 25 बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली नहीं होने से एनएचएम कर्मचारियों में आक्रोश की स्थिति है।

- मंत्रियों के आश्वासन के बाद भी 25 कर्मचारियों की बहाली नहीं होने से नाराजगी

दरअसल, अपनी लंबित मांगों को लेकर हक की आवाज बुलंद करने वाले छत्तीसगढ़ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की दिवाली मायूसी के बीच गुजरी। हाल ही में इन कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन किया। उनकी प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति सहित अन्य मांगें शामिल रहीं। हड़ताली कर्मचारियों ने जेल भरो आंदोलन, जल सत्याग्रह, चुनरी यात्रा कर अपनी मांगों को पूरी करवाने शासन का ध्यान आकर्षित कराया। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी का कहना है, स्वास्थ्य मंत्री ओर मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद आंदोलन को स्थगित किया था। चर्चा में 25 पदाधिकारियों की बहाली का आश्वासन दिया गया, वह आज तक पूरा नहीं हुआ है। सरकार इस पर तत्काल हस्तक्षेप कर बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली करे, इसी तरह 5 फीसदी स्वीकृत वेतन वृद्धि का लाभ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिया जाना चाहिए। इसके अलावा दीपावली पर मिलने वाले अग्रिम वेतन का जल्द भुगतान किया जाए।



## कलेक्टर ने की मोदी कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नया रायपुर में 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बुधवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने बैठक बुलाई थी। रेडक्रॉस सभाकक्ष में हुई बैठक में कलेक्टर ने कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां समयबद्ध और सुचारू रूप से पूर्ण हो सकें। इस अवसर पर एसएसपी लाल उम्मेद सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर नम्रता जैन (आईएएस) तथा जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित प्रशासन, पुलिस एवं जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि नया रायपुर में राज्य के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले राज्योत्सव में शिरकत करने प्रधानमंत्री 31 अक्टूबर को रायपुर प्रवास पर आ रहे हैं। उनके आगमन को देखते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को प्रधानमंत्री के स्वागत, प्रस्थान से लेकर राज्योत्सव में लगने वाले विभागों की प्रदर्शनी सहित अन्य तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के तहत अधिकारियों द्वारा तैयारियां कराई जा रही है।

## पार्षद के निर्माणाधीन मकान पर चोरों का धावा, डीवीआर सहित केबल काटकर ले गए

**देवपुरी के बाबा गेलाराम नगर की घटना**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पार्षद अमर गिधवानी के निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपए कीमती केबल और डीवीआर समेटकर ले गए। बुधवार को मकान की पूजा करने पहुंचे परिवार को इसकी जानकारी हुई। पार्षद ने इसकी शिकायत टिकरापारा थाने में दर्ज कराई है।

गिदवानी ने बताया कि देवपुरी के बाबा गेलाराम नगर में उनके मकान का निर्माण हो रहा है। वहां चौकीदार भी तैनात किया गया है जो दिवाली की छुट्टी मनाने गया हुआ है। बुधवार को उनका परिवार वहा पूजा करने गया था तो पता चला कि मकान के बाहर का दरवाजे में लगा ताला टूटा पड़ा है। भीतर पहुंचने पर सब दंग रह गए, क्योंकि मकान के भीतर बनाए गए स्टोर में रखे केबल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। इतना ही नहीं वे निर्माणाधीन मकान में लगाए जा रहे कैमरे फिट किए गए केबल को भी उखाड़कर ले गए। पार्षद ने इस घटना की जानकारी टिकरपारा थाने में दी है। उन्होंने संदेह जताया है कि मोहल्ले के आसपास रहने वाले असमाजिक तत्वों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने आशंका जताई कि निर्माणाधीन मकान में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए असमाजिक तत्वों का गिरोह सक्रिय है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी है। पार्षद की सूचना पर टिकरापारा थाने की पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आसपास के संदिग्ध लोगों से इसकी पूछताछ कर रही है।

**मंत्रालय में अधिकारी के बेटे ने सिपाही को कुचलने की कोशिश की**

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन दिन के भीतर सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा वाहन जांच के दौरान मंत्रालय में अधिकारी के एक बेटा ने एक सिपाही को कार से कुचलने की कोशिश की है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व कलेक्टोरेट चौक के सामने एक तेज रफ्तार बस से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई।

आरंग थाना क्षेत्र में बनारसी मोड़ के मार दो बाइक की आमने-सामने टक्कर से एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार डागेश्वर अपने बेटे तथा बेटी के साथ बनारसी जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक के चालक ने डागेश्वर की बाइक को सामने से ठोकर मार दी। बाइक की ठोकर लगने से डागेश्वर के बेटा जय के सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। एक्सीडेंट में जय की बहन को भी चोटें आई हैं।



### नवा रायपुर में हादसा, एक की मौत

रविवार को नवा रायपुर के सेक्टर-23 मेन रोड में कार तथा बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। घटना दिनांक को तुषार अग्रवाल अपनी बाइक से जा रहा था। इस दौरान मेन रोड में तेज रफ्तार कार सीजी 05 एएम 7434 के चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए तुषार की बाइक को सामने से ठोकर मार दी। सिर तथा शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोट लगने से तुषार की मौत हो गई।

### शहर के हृदय स्थल पर हादसा

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में कलेक्टोरेट चौक के सामने सोमवार तड़के एक बस के चालक ने नो एंट्री में लापरवाही पूर्वक बस चलाते हुए पैदल जा रहे सेंट पॉल चर्च के केयर टेकर को कुचल दिया। बस से कुचल जाने की वजह से केयर टेकर प्रवीण मसीह की मौके पर ही मौत हो गई। एक्सीडेंट की घटना के बाद मौके पर 108 की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंचने से निगम की गाड़ी में लाश को मरचुरी भेजना पड़ा। एक अन्य घटना में कबीर नगर थाना क्षेत्र के टाटीबंध बाई पास के पास पिकअप सीजी 04 ओडी 7288 के चालक ने बाइक चालक टोमेश्वर निर्मलकर को अपनी चपेट में ले लिया। पिकअप की चपेट में आने से टोमेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई।

### अधिकारी के शराबी बेटे ने सिपाही को कुचलने की कोशिश की

मंगलवार को पंडरी में साइंस सेंटर के सामने वाहन जांच के दौरान मंत्रालय में अधिकारी के एक शराबी बेटा ने एक पुलिसकर्मी को कार से कुचलने की कोशिश की। घटना दिनांक को सवा आठ बजे पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान कार डब्लूबी 02 एई 7720 को पुलिस ने रोका। कार के ग्लास में ब्लैक फिल्म लगे होने पर पुलिस ने फाइन करने के साथ ही फिल्म उतारने कार का दरवाजा खोला। दरवाजा खोलने सिपाही बृंदावन बिहारी लाल जगत गया। सिपाही दरवाजा खोलता इसके पहले कार चालक ने सिपाही को कुचलने की कोशिश करते हुए मौके से फरार हो गया। कार को पुलिस ने जब रोका तो कार चालक से पुलिस ने नाम पूछा, तो उसने अपना नाम केतन तिवारी बताया है। घटना के बाद केतन अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गया है।

## पीएम के दौरे और राज्योत्सव में आईएएस राप्रसे के अफसरों समेत 40 की लगी ड्यूटी

**प्रोटोकॉल व्यवस्था के तहत अफसरों का ड्यूटी चार्ट जारी होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर 1 से 5 नवंबर तक राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हर दिन अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

राज्योत्सव का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, इसके लिए वे 31 अक्टूबर को ही राजधानी पहुंच जाएंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर आईएएस अफसर समेत 40 अफसरों की ड्यूटी कानून व्यवस्था और सहयोग करने के लिए लगाई गई है। सुरक्षा के लिए अलग से प्रोटोकॉल व्यवस्था के तहत अफसरों का ड्यूटी चार्ट जारी होगा। राज्योत्सव को रजत जयंती वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय सरकार ने लिया है।

इसके लिए इस बार राज्योत्सव को तीन दिनों से बढ़ाकर पांच दिनों का कर दिया गया है। पांच दिन नवा रायपुर में विविध कार्यक्रम होंगे। जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला, खानपान, परंपरा और लोकनृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्योत्सव की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

# विधायक पुरंदर का पिथौरा प्रवास, जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा

रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा गुरुवार को पिथौरा प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ता टिकेंद्र प्रधान के निवास पर पहुंचकर परिवारजनों से सौजन्य मुलाकात की तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से भी भेंट की।

विधायक मिश्रा ने कहा कि दीपावली का हर दीपक आस्था, आशा और सौहार्द का प्रतीक है, जो हमारे जीवन में सुख, सद्भाव और समृद्धि का संदेश देता है। उन्होंने माता लक्ष्मी और भगवान श्रीगणेश से समस्त क्षेत्रवासियों के समृद्धि, जनकल्याण और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मिश्रा ने आगे कहा, यह पावन पर्व हम सभी के जीवन को सुख, समृद्धि और सफलता के दिव्य प्रकाश से आलोकित करे। भगवान श्रीगणेश हमें बुद्धि-विवेक प्रदान करें और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद हर घर-आंगन में धन-धान्य, सौभाग्य और आनंद का संचार करे। इस दीपोत्सव पर हम सब अंधकार पर प्रकाश, निराशा पर आशा और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का संकल्प लें।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कलार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, अधिवक्ता टिकेंद्र प्रधान, युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रियांशु दीक्षित, लक्ष्मीपुर सरपंच सत्यनारायण पटेल (गुड्डू), लहरौद सरपंच अनिल सोई, गौतम साहू, बोट कुमार प्रधान, प्रदीप प्रधान, मनीष अग्रवाल, सुधीर प्रधान, आयकर सलाहकार परिमल प्रधान, दिलीप साहू, अभिराम साहू, मनोरंजन भोई, नरेश प्रधान, और हरीबन्धु साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लाफिनकला में छह वर्षों से मनाई जा रही सामूहिक दीपावली

**महासमुंद।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को सहेजने प्रख्यात ग्राम लाफिनकला में सामूहिक दीपावली का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों द्वारा बच्चों व महिलाओं की सुआ नृत्य प्रतियोगिता रखा गया। प्रतियोगिता में प्रथम दीक्षा साहू की टीम, द्वितीय अंशु साहू की टीम तथा मीनाक्षी साहू की टीम तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर केतन साहू, हेमूराम साहू,तोष साहू, नाथू साहू, महेंद्र पटेल ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का शिक्षक गोवर्धन साहू ने किया। इस बीच आतिशबाजी भी होती रही। कार्यक्रम के आयोजन-संयोजन में विशेष योगदान रामकुमार साहू, तोषकुमार साहू, महेंद्र कुमार पटेल, गोवर्धन साहू, कमलेश साहू, रामजी साहू, हरिराम साहू, नेतन पटेल, भूषण निषाद, भेखलाल साहू, राधेश्याम साहू, दरबारी निषाद, नंदकुमार पटेल,जगेश्वर साहू, कुश कुमार पटेल, अशोक साहू का रहा।

### हर्षोल्लास से मनाई गई दीपावली, गौरा-गौरी एवं गोवर्धन पूजा का पर्व मना

# दीपों की जगमगाहट में नहाया नगर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में दीपावली पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। लक्ष्मी पूजन के दिन से ही नगर का वातावरण भक्तिमय और उल्लासमय दिखाई दिया। सुबह से ही बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा सामग्री, मिट्टी के दीये, फल-फूल, मिठाइयाँ और सजावट की वस्तुओं की खरीददारी से बाजारों में रौनक देखते ही बन रही थी।

रात्रि में नगरवासी अपने-अपने घरों में विधि-विधान से लक्ष्मी-गणेश एवं शंकर-पार्वती की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दीपों की झिलमिलाहट से घर-आँगन, चौक-चौराहे और गलियाँ आलोकित हो उठीं। बच्चों ने फुलझड़ी, अनार, ताजमहल और चकरी जैसे पटाखे फोड़कर पर्व की आनंदमयता को और बढ़ा दिया।

नगर के विभिन्न मंदिरों, चौक-चौराहों और घरों में दीपों की रोशनी तथा भक्ति गीतों की मधुर धुनों से पूरा वातावरण आलोकित हो उठा। लोगों ने कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखते हैं और समाज में आपसी एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।

#### पारंपरिक रीति-रिवाजों से सजी गौरा-गौरी पूजा

ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक रीति-रिवाजों की जीवंत झलक देखने को मिली। महिलाओं ने मिट्टी से सुंदर गौरा-गौरी की प्रतिमाएँ बनाकर उन्हें फूल-मालाओं, दीपों और पारंपरिक श्रृंगार से सजाया। रात्रि में "गौरा जगे-जगे" जैसे लोकगीतों की गूंज पूरे नगर में सुनाई दी। गौरा चौक सहित विभिन्न स्थानों पर भक्तिमय वातावरण में महिलाएँ नृत्य और भजन-कीर्तन में झूमती रहीं। बुधवार को विधि-विधानपूर्वक गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया।

#### गोवर्धन पूजा में गाय को खिलाई गई खिचड़ी

बुधवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर वार्ड क्रमांक 08 स्थित गोवर्धन भाठा में यादव समाज के लोगों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर गाय को खिचड़ी खिलाई। परंपरा के अनुसार 'सांहड़ा देवता' की पूजा की गई। इसके बाद यादव समाज के युवक-युवतियों ने पारंपरिक राउत नाचा, लोकगीत और दोहे प्रस्तुत कर नगर में सांस्कृतिक रंग बिखेरे।

# करंट की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, गांव में शोक की लहर

- पंचायत भवन की दीवार पर रेलिंग लाईट लगा हुआ था जिसमें विद्युत करंट प्रवाहित था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत सेमरा में लक्ष्मी पूजा की शाम एक हृदय विदारक घटना घटित हुई। गांव के गेविश देवांगन (उम्र 20 वर्ष), पिता मिलाप देवांगन की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, दिवाली पर्व के अवसर पर गेविश देवांगन ने अपने घर को झालर और रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया था। शाम के समय वे अपने घर की सजावट का फोटो लेने के उद्देश्य से पंचायत भवन के पास अपने ट्रैक्टर के ऊपर चढ़े हुए थे। इसी दौरान पंचायत भवन की दीवार पर रेलिंग लाईट लगा हुआ है जिसमें लगे रेलिंग में विद्युत करंट प्रवाहित था,जो अनजाने में उनके संपर्क में आ गया। करंट लगते ही गेविश मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नगरी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि गेविश देवांगन कुछ ही दिन पहले अपना जन्मदिन अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनाया था। उनके असमय निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं और घर-घर मातम का माहौल छा गया।

गांव के ग्रामीण पप्पू देवांगन ने बताया कि गेविश स्वभाव से मिलनसार और हंसमुख थे। वे समाजसेवी कार्यों में सदैव अग्रणी रहते थे और युवाओं में उनकी विशेष पहचान थी। उनके जाने से गांव ने एक होनहार और सक्रिय युवक को खो दिया है।

इस घटना के संबंध में ग्राम पंचायत की सरपंच कविता ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक बेहद दुखद घटना है। यदि पंचायत की दीवार में करंट प्रवाह की जानकारी होती तो निश्चित रूप से सुधार कार्य कराकर यह दुर्घटना टाली जा सकती थी। जानकारी नहीं थी।

# कठौली में लहर गंगा का होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से अनुराग साहित्य एवं कला संस्था ग्राम कठौली के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कला साधक श्री पुराणिक साहू कृत लहर गंगा लोक सांस्कृतिक संस्था की प्रस्तुति होगी। यह आयोजन दीपावली उत्सव के उपलक्ष्य में 24 अक्टूबर 2025, शुक्रवार को बाजार चौक कठौली में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण सिंह साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता डॉ. खेमराज साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कठौली करेंगे। साथ ही अंचल के जनप्रतिनिधि, कला एवं साहित्य के हस्तियों की उपस्थिति इस सांस्कृतिक पर्व को और भी प्रेरणादायी बनाएगी। आयोजन समिति के प्रमुख प्रशांत सोनवानी अध्यक्ष अनुराग कला एवं साहित्य संस्था ग्राम कठौली ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम की शुरुआत सायं 5 बजे से होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के नामचीन कला एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा सुवा नृत्य, रावत नाचा जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की प्रस्तुतियाँ होंगी। तत्पश्चात रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक लोक कला संस्था "लहर गंगा" का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सदस्य राजकुमार निषाद, रामकुमार साहू, अर्जुन मानिकपुरी, जितेन्द्र साहू, परमेश्वर निषाद, विरेन्द्र नगारची, टिकेश्वर विश्वाकर्मा, रेखा निषाद, जागृति साहू आदि जुटे हुए हैं।

# घुटकेल में गोवर्धन पूजा श्रद्धा और उत्साह से सम्पन्न

- लोगों ने अपने पशुधन की पूजा कर गाय बैल को खिचड़ी खिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम घुटकेल में इस वर्ष गोवर्धन पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। यादव समाज सहित समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस पारंपरिक पर्व में ग्रामीणों ने सांहड़ा देव को गैठा, सोहई, लाली बंधन और पुष्प अर्पित कर नमन किया। सभी ने सनातन परंपरा का पालन करते हुए विधि-विधान से पूजा कर ग्राम की खुशहाली, समृद्धि और सौहार्द की कामना की।



इस अवसर पर चैतराम मरकाम, वीरेंद्र यादव, रामस्वरूप यादव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### ग्राम प्रमुख और पुलिस ने संभाली व्यवस्था

कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित बनाने में ग्राम प्रमुख प्रफुल्ल चंद, समरथ ठाकुर तथा थाना बोराई प्रभारी नरेंद्र कुमार सिंह की विशेष भूमिका रही। उनके निर्देशन में एएसआई राकेश कुमार मिश्रा, डोमेन्द्र ओटी, महेंद्र कुंजाम और पुलिस टीम ने पूरी सतर्कता के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की। सभी वर्गों की सक्रिय कार्यकम में भागीदारी देखने मिला। साथ पूजा में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामूहिक नाश्ता और पारस्परिक संवाद के आयोजन से ग्रामवासियों के बीच सौहार्द और एकता का वातावरण और अधिक प्रगाढ़ हुआ।

### दीपावली मिलन समारोह एवं गोवर्धन पूजा का हुआ आयोजन

**नगरी।** ग्राम बेलरगांव में ग्राम विकास समिति के तत्वाधान में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चुन्नूलाल साहू सोनबाकला परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से निरंतर 20 वर्ष तक दो महिला पुरुष बुजुर्गों का सम्मान और रंगोली व घर में आम पत्तों और केला पत्ता सजावट ,गौरी गौरा सजावट, सबसे ज्यादा मिट्टी का दीया जलाने वाला एवं गांव में सबसे पहले दीया जलाना एवं अन्य सजावट किया जाता है जिसमें सभी को श्रीफल एवं अंशदान पुरस्कार किया गया। सभी मोहल्ला से आए हुए ग्रामवासी प्रबुद्धजन लोग ने भाईचारे के साथ एक दूसरे को तिलक बंधन एवं गले मिलकर बधाई दी। सभी ने अपने उद्बोधन में भगवान श्री कृष्ण की कथा बताई। इस कथा से हमें यह सीख मिलती है कि सभी एक साथ मिलकर कोई भी पर्व मनाया तो उत्साह बहुत अच्छा रहता है। मौके पर लीलाम्बर सिंह साहू अध्यक्ष कृषि एवं विकास समिति, चुन्नू लाल साहू, अमरसिंह पटेल ग्राम पटेल उमेद मरकाम पूर्व सरपंच, कैलाश नाथ प्रजापति, हुमित लिमजा, सुरेश देवांगन, उमेश साहू, आत्माराम लिमजा, ओमप्रकाश देवागन, बलिराम देवागन, सुकदेव साहू एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# नवागांव कंडेल में भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया गया



- भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को संस्कारों से निभाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दीपावली के दूसरे दिन ग्राम नवागांव कंडेल में भाई दूज का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे ग्राम में बहनों ने अपने भाइयों की पूजा-अर्चना कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की।

ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मनराखन लाल साहू (ग्राम पटेल) अपने परिवार सहित दीपावली एवं भाई दूज के अवसर पर पैतृक ग्राम नवागांव पहुँचे और पूरे विधि-विधान व संस्कारों के साथ पर्व मनाया। इस अवसर पर भाई जितेंद्र साहू, प्रतीक साहू, कुशाग्र साहू को बहनों हर्षिता, पूर्वा, निधि, रीतिका, कनिष्का और योग्यसा ने गुलाल तिलक लगाकर, श्रीफल अर्पित कर, मिठाई खिलाई और उपहार देकर सम्मान किया। वहीं भाई डॉ. रूपनारायण (राजू) साहू को बहनों अनु कुमारी, मधु साहू, मंजूषा साहू, सवितांजलि और रेखा साहू ने तिलक कर आशीर्वाद लिया। इसी प्रकार भाई परमेश्वर, कुलेश्वर, गणेश प्रसाद, बलेश और राकेश साहू को बहन प्राची साहू ने पूजा-अर्चना कर गुलाल तिलक लगाया और श्रीफल भेंट कर मिठाई खिलाई।

# पवार परिवार ने सार्थक के बच्चों के साथ मनाई दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी




दीपावली पर्व पर श्रीमती चमेली पवार पूर्व सरपंच मड़ईभाठा, श्रीमती नीलू पवार पूर्व पार्षद, रितेश पवार, श्रीमती सुनीता पवार, श्रीमती जूही पवार एवं मुरली देवांगन ने सार्थक स्कूल पहुंचकर विशेष बच्चों के साथ दीपावली मनाई। बच्चों को पटाखे, मोमबत्तियां और मिठाई उपहार स्वरूप दी गई। फूलझड़ी, चकरी, अनार जैसे सुरक्षित पटाखे पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। श्रीमती चमेली पवार ने कहा कि इन मासूम चेहरों की मुस्कान ही सच्ची दीवाली की रोशनी है। श्रीमती नीलू पवार ने कहा कि सार्थक के बच्चों की ऊर्जा और आत्मविश्वास देखकर मन प्रसन्न हो गया। ऐसे कार्यों में समाज की भागीदारी आवश्यक है।

सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सार्थक स्कूल को संचालित हुए 21 वर्ष हो चुके हैं और यह पहली दीवाली है जब बच्चों को इतने सारे सुरक्षित पटाखों और मिठाइयों के उपहार मिले। वरिष्ठ प्रशिक्षिका श्रीमती मैथिली गोड़े, संगीत प्रशिक्षिका देविका दीवान, नृत्य प्रशिक्षिका काजल रजक, सुनैना गोड़े, सुभाष मलिक, रोशनी सोनी ने इस सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# साय सरकार के 2 साल बाद भी मोदी की गारंटी नहीं हुई पूरी : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बने 2 वर्ष होने को है, इन दो वर्षों में सरकार ने ऐसा कोई कार्य नहीं किया, जिससे प्रदेशवासियों के जीवन में बदलाव आए। राज्य सरकार आज हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। कानून-व्यवस्था, गरीब, किसान, दलित और आदिवासी आज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, और इसके लिए सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने घोषणा पत्र में सरकार बनने के तुरंत बाद 57 हजार रिक्त पदों पर तथा 2 साल के भीतर 1 लाख खाली पदों पर भर्ती करने का संकल्प मोदी की गारंटी के तहत लिया था। इसके अलावा दैवेभो कर्मचारी, संविदा कर्मियों को नियमितिकरण के लिए सरकार बनने के 100 दिन के भीतर ही समीक्षात्मक प्रक्रिया आरंभ करने एवं कमेटी बनाने की बात कही थी। इस वादे पर क्रियान्वयन का आज 2 साल बाद भी अता-पता नहीं है। माह अगस्त 2025 से प्रदेश के 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारियों ने नियमितीकरण व वेतन वृद्धि जैसे मांगों को लेकर लगभग डेढ़ माह तक आंदोलन किया। सरकार ने आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराया था, जिसमें शासन द्वारा कहा गया था कि 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि के साथ हड़ताल अवधि का वेतन भी दीपावली पूर्व उन्हें प्रदान किया जाएगा। लेकिन, दीपोत्सव जैसे सबसे बड़े त्यौहार में उन्हें वेतन नहीं दिया गया। दीपावली जैसे बड़े त्यौहार पर जहाँ पूरा प्रदेश खुशियां मना रही थीं, वहीं सरकार के धोखेबाजी के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के हजारों कर्मचारी इस बार मायूसी और आर्थिक तंगी के बीच त्योहार मनाने को विवश हुए। हड़ताल अवधि में बर्खास्त किए गए 25 एनएचएम कर्मचारियों की बहाली भी नहीं की गई।

### भव्य शोभायात्रा निकाल कर नदी-तालाबों में किया गया विसर्जित

# कुरूद अंचल में धूमधाम से मनाया गया गौरी-गौरा उत्सव







हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व में से एक गौरी-गौरा उत्सव कुरूद नगर सहित पूरे अंचल में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में उल्लास का वातावरण रहा। ग्रामीण अंचलों में भी गौरी-गौरा की बारात निकालकर भव्य शोभायात्रा गली भ्रमण करते हुए गांव की प्रमुख निस्तारी तालाबों में पहुंची जहां विसर्जन किया गया।

विगत दिनों गौरी गौरा जगाने की परंपरा के साथ पर्व की शुरुआत हुई, इसके उपरांत विभिन्न विधि विधानों के साथ दीपावली की मध्य रात्रि को भगवान शिव जी और माता पार्वती का भव्य बारात निकाल कर बहुत ही धूमधाम के साथ विभिन्न गौरा चौकों में इसे विराजित किया गया और मंगलवार विधिवत विसर्जन किया गया। धुमाल की मनभावन थाप और पारंपरिक गड़वा बाजा की धुन पर नाचते गाते हुए और पारंपरिक सांटा लगवाकर लोगों ने पर्व के प्रति अपनी आस्था को प्रकट की।

इसी तरह नगर के विभिन्न वार्डों में जनप्रतिनिधि गण भी उत्सव में शामिल हुए। ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत चर्रा, मोंगरा, कातलबोड, बानगर, परखन्दा, चरमुड़िया, जोरातराई, सिलौटी, सौराबांधा, भुसरेंगा, बगौद, भाठागांव आदि में राउत, गोड़ समाज के लोगों ने पारंपरिक तरीक़े से गांव में गौरा-गौरी जगाने से लेकर बारात शोभायात्रा एवं विसर्जन की रस्म अदा कर गोवर्धन पूजा मना एक दूसरे पर गोबर का टीका लगाकर, गले मिल पर्व की बधाई दी।

#### विधायक चंद्राकर ने गौरी-गौरा का लिया आशीर्वाद

बुधवार को सुबह गौरी-गौरा शोभायात्रा के दौरान वार्ड क्रमांक 5 स्थित अपने निवास से निकलकर विधायक अजय चंद्राकर भगवान को श्रीफल भेंटकर क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर और विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने नगर के विभिन्न वार्डो में माता गौरी और भोले बाबा की पूजा आराधना करके नगर और क्षेत्र के विकास की कामना की। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने परिवार सहित गौरी-गौरा की पूजा आराधना की और पूर्व सीएम बघेल की तरह अपने हाथों में सांकड़ लेते वीडियो शोशल मीडिया में वायरल किया।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया गया भाई दूज का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह व विश्वास का पर्व भाई दूज उत्साहपूर्वक मनाया गया। बहनों ने भाइयों की आरती उतारी और तिलक लगाकर दीर्घायु, स्वस्थ, सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया।

### बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपराः तुषार



**महासमुंद।** बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। देश में सर्वाधिक युवा है, बुजुर्ग उन्हें मार्गदर्शन देते रहें तो भारत को अग्रणी देश बनाया जा सकता है। ये बातें ग्राम गुड़रूडीह में भाजपा के सदस्य किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मातर महोत्सव कार्यकम के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार में बुजुर्गों की सदा आवश्यकता महसूस की जाती है। वरिष्ठजनों की जिम्मेदारी है कि वे अपने अनुभव का लाभ आने वाली पीढ़ी को आशीर्वाद के तौर पर दें। युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठजनों के अनुभव से ही समाज और देश समृद्ध होगा। कार्यक्रम में धनजी ध्रुव, नारायण पटेल, रमाकांत ध्रुव, अशोक साहू आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया ईशर-गौरा विवाह उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





वार्ड नंबर 3 अयोध्या नगर महासमुंद में ईशर गवरा पूजा उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भाति दीपावली त्यौहार के अवसर पर 21 अक्टूबर को शिव मंदिर के समीप अयोध्या नगर में शंभू ईशर गवरा विवाह उत्सव का बड़े धूमधाम से आयोजन किया गया।

21 अक्टूबर को दीपावली त्यौहार के दिन प्रथम सत्र में ईशर गवरा सृजन के लिए महामाया तालाब से बाजे-गाजे के साथ समाज प्रमुखों की उपस्थिति में मिट्टी लायी गई। ईशर गवरा सृजन कर द्वितीय सत्र मंब इसी तिथि को रात को कलश यात्रा पश्चात ईशर राजा का बारात कमलेश ध्रुव (शोरी) के निज निवास से प्रस्थान करके मनराखन ध्रुव (नेताम ) के घर पहुंची। जहां रात 12 बजे गवरा माता से विवाह संपन्न हुआ। जहां अयोध्या नगर के समस्त मोहल्लेवासी उपस्थित रहे। विवाह पश्चात अयोध्या नगर भ्रमण अंतर्गत ईशर राजा एवं गवरा माता का जगह-जगह प्रत्येक घर के श्रद्धालु पूजा अर्चना किए।

तत्पश्चात ईशर गवरा चौक में विराजित हुई, जहां महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा सामूहिक पूजा अर्चना पश्चात सुवा गीत, करमा गीत पर सामूहिक नृत्य करते हुए मनमोहक प्रस्तुति के साथ झूमते रहे। 22 अक्टूबर की सुबह मोहल्लेवासियों ने ईशर गवरा की पूजा अर्चना की।

### ईशर-गौरा की पूजा अर्चना करने पहुंचे विधायक

ईशर-गौरा की पूजा अर्चना करने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा पहुंचे। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, कमलेश ध्रुव अध्यक्ष केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़, मनराखन लाल ध्रुव संरक्षक, चमन लाल ध्रुव अध्यक्ष, महेश कुमार ध्रुव सचिव, रामायण सिंह ध्रुव कोषाध्यक्ष, रोहित कुमार ध्रुव सह कोषाध्यक्ष ईशर गवरा समिति, सुनैना पप्पू ठाकुर वार्ड 03 पार्षद, माखन पटेल वार्ड 10 पार्षद, महेंद सिक्का अध्यक्ष शहर भाजपा, संतु ध्रुव, टंकेश्वर सिंह ध्रुव, दुलार ध्रुव, हेमिन ठाकुर, कमला ध्रुव, सामाजिक प्रमुख तथा महिलाएं, बच्चे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। तुमाडबरी तालाब में ईशर गवरा का विधि विधान के साथ विसर्जन हुआ। महिलाओं एवं पुरुषों का ड्रेस कोड ने सभी को आकर्षित किया। यह जानकारी महेश कुमार ध्रुव सचिव ने दी है।



# खुटेरी पंचायत में लक्ष्मी प्रतिमा की हुई स्थापना

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत खुटेरी में पंचायत भवन में दीपावली पर्व पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापना कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच सुशीला मांझी थी। कार्यक्रम में उपसरपंच गेसराम पटेल, रमेश बरिहा, नारायण ध्रुव, कुंज राम पटेल, लिलेश्वरी ध्रुव, भोज कुमारी पटेल, आरती सिन्हा, रवीना ध्रुव, मंजू ठाकुर, ज्योति ठाकुर आदि उपस्थित थे। पूजा के पश्चात सरपंच व सचिव द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया।

# बीकेबाहरा में ईशर-गौरा विवाह उत्सव धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी



ग्राम बीकेबाहरा में गौरा-गौरी उत्सव में गांव की गलियों पर कलश यात्रा क्रे साथ जय गौरी-गौरा के जयकारे से गूंजती रही। गांव का वातावरण भक्तिमय माहौल बन गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस त्योहार की शुरुआत नरक चतुर्दशी की रात में फूल कूचने से हुई। इसके बाद कार्तिक अमावस्या की सुबह समस्त ग्रामवासी बाजे-गाजे के साथ समूह में गांव के पवित्र स्थान से मिट्टी लेने गए। मिट्टी लाने के बाद बाद पूजा स्थल में (गौरा) भगवान शंकर व पार्वती (गौरी) के साथ नंदी, भीमसेन आदि की आकर्षक प्रतिमाएं बनाई गई। रात में दोनों प्रतिमाओं के साथ भगवान शंकर व पार्वती के विवाह की रस्में निभाई गई। इस दौरान शिव जी की बारात भी निकाली गई। पारंपरिक मधुर धुन में लोग खूब थिरके।

इस अवसर पर गोंड समाज के युवा प्रभाग समिति के अध्यक्ष हेमंत छेदैहा ने बताया कि उत्सव की शुरुआत नरक चतुर्दशी से हो गई। पूजा स्थल को गौरा चौरा कहा जाता है। इसी पूजा स्थल में विवाह की रस्में निभाई गई। पश्चात सुबह नाचते-गाते सभी तालाब पहुंचे। पूजा-अर्चना के बाद गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया। द्रोण पटेल ने कहा कि गौरा-गौरी भक्ति और साहस का प्रतीक मानते हैं। सौहार्द और सामाजिक समरसता का संदेश देता है। यह पर्व आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए। मनोहर नेताम ने कहा कि सभी युवा प्रकोष्ठ एवं युवा नेतृत्वकर्ता के मेहनत एवं सहयोग से यह भव्य कार्यक्रम सफल हुआ हैं।

इस अवसर पर बलराम ध्रुव जनपद पंचायत सदस्य बागबाहरा, खेमराज साहू सरपंच, पंचूराम मरई, हनुमान सिंह नेताम, कुमार छेदैहा, देवसिंह छेदैहा, ओघराम छेदैहा, सेवकराम छेदैहा, गोकुल राम नेताम, थानेश्वर मरई, टुकेश पडोटी, चंदन सोरी सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### खुटेरी में निकाली गई ईशर-गौरा कलश यात्रा



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम खुटेरी में दीपावली पर्व पर गोंडवाना समाज द्वारा ईशर गौरा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें ग्राम के सरपंच सुशीला मांझी, गोंड़ समाज के उपाध्यक्ष महेश नेताम, भूतपूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, उपसरपंच गैस राम पटेल, रमेश, नारायण, कुंज राम पटेल, निलेश्वरी ध्रुव, एवन सिंह, नेतराम सिन्हा, नरेंद्र ध्रुव आदि मौजूद रहे। कलश यात्रा के पश्चात गौरी गौरा का विवाह विधि पूर्वक संपन्न किया गया। पश्चात गौरा और गौरी का स्थापना गौरा गौरी चौराहा में किया गया। स्थापना के पश्चात विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई और पूरी राज जागरण कर सुबह 9 बजे विसर्जन यात्रा निकाली गई। गांव का भ्रमण करते हुए विधिवत से तालाब में विसर्जन किया गय। पश्चात शाम 5 बजे गोवर्धन पूजा की गई।

# छग पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 8 टेस्ट सीरीज का होगा आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जायेगा। जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखते हुए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जायेगा, जिसमे छत्तीसगढ़ पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट का आयोजन किया जायेगा। छत्तीसगढ़ पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज क्रमशः 02 नवंबर रविवार को पेपर -1 (भारतीय इतिहास, छत्तीसगढ़ इतिहास), 09 नवंबर को पेपर -2 (संविधान, पंचायती राज), 16 नवंबर को पेपर -3 (विज्ञान,अर्थशास्त्र, आर्थिक सर्वेक्षण, कंप्यूटर), 23 नवंबर को पेपर 4 (भारत का भूगोल, छत्तीसगढ़ का भूगोल), 30 नवंबर को पेपर 5 (दर्शनशास्त्र, करेंट अफेयर्स, कला संस्कृति), 14 दिसंबर को पेपर -6 मेगा टेस्ट 01 (सामान्य अध्ययन, छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन), 21 दिसंबर को पेपर -7 मेगा टेस्ट 02 (सी सेट), 28 दिसंबर को पेपर 8 मेगा टेस्ट 03 (सामान्य अध्ययन, छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन), का आयोजन किया जाएगा। साव ने आगे बताया कि टेस्ट सीरीज दिलाने के लिए इच्छुक परीक्षार्थियों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

### गौरा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

**महासमुंद।** दीपावली के दूसरे दिन वार्डों में आयोजित गौरा गौरी पूजन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र शिखा वार्ड क्र.14 डा. अंबेडकर चौक, पुराना रावण भाठा, वार्ड क्र.03 अयोध्या नगर के गौरा गौरी विवाह उत्सव में शामिल होकर पूजा अर्चना की। क्षेत्र की समृद्धि खुशहाली की कामना करते हुए विधायक राजू सिन्हा ने कहा कि छग का यह पारंपरिक पर्व है। भगवान शिव एवं मां पार्वती को गौरा गौरी के प्रतिक के रूप पूजा जाता है। छग प्रदेश और यह क्षेत्र उत्तरोत्तर प्रगति भगवान शिव एवं शक्ति स्वरूपा के आशीर्वाद के कारण हो रहा है। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि त्रेतायुग में माता सीता ने गौरी पूजन भगवान राम को प्राप्त करने के लिए किया था। गौरा गौरी पूजन का विशेष महत्व है। इस अवसर पर पार्षद गण सुनैना पप्पू ठाकुर, माखन पटेल, भाजपा नेता हनिश बग्गा, शरद मराठा, गौरव राठी ने भी पूजन में भाग लिया।

# गोवर्धन पूजा कर गाय को खिलाई गई खिचड़ी

## गौमाता की पूजा कर सोहाई बांधी, धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी



ग्राम बिरकोनी में बुधवार को गोवर्धन पूजा अर्चना घरों में उत्साह के साथ की गई। सुबह पशु पालकों ने परंपरागत रूप से गौमाता को सुबह स्नान कराकर गले में फूलमाला पहनाकर,सिर पर मोर पंख और पैर में घुंघरू बांधकर उन्हें सजाया।

महिलाओं ने गोवर्धन पूजा के लिए अपने घरों में गोबर के आकर्षक गोवर्धन बनाए। परिवार के सभी लोगों ने मिल कर गोवर्धन पर्वत की पूजा की।घरों में तरह तरह के पकवान बनाए और शाम को लोगों ने गोवर्धन पूजा विधि विधान के साथ की। गोवर्धन पूजा के दौरान किसानों ने कृषि यंत्र गोवर्धन में रखकर पूजा की। पहले परिवार के मुखिया ने पूजा की और बाद में घर के सभी सदस्यों ने पूजा पाठ की। इस दौरान पशुओं को खिचड़ी का प्रसाद खिलाया गया। सदियों से चली आ रही संस्कृति आज भी लोगों के बीच खिचड़ी खिलने के लिए उत्सुक नजर आई। इसी तरह घर व राम जानकी मंदिर के द्वार पर गोबर से निर्मित गोवर्धन पर्वत का पूजन किया गया। राम जानकी मंदिर में ही सोहाई बांधने का रस्म का शुभारंभ हुआ। शाम 7 बजे मड़ाई निकालकर राउत नृत्य के साथ बाजार चौक में एकत्रित होकर स्वागत द्वार के लिए निकले। जहां ग्राम में स्थापित नंदीश्वर परिषद में पूजा अर्चना कर भाई चारे सद्भावना के साथ एक दूसरे को गोबर के टीका लगाकर गले मिले। यादव समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में सजधज के लोकनृत्य की मंदिर, कुल देवी, देवता व घर-घर में जाकर प्रस्तुति दी। यह नृत्य की प्रस्तुति देव उठनी से लेकर पूर्णिमा तक चलेगी।

### जनसमुदाय के सहयोग से सुंदर शैक्षिक वातावरण का हो रहा निर्माण

**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय हाई स्कूल रोहिना में विगत दिनों विविध कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को हाउस ड्रेस के साथ-साथ प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार का वितरण



रोहिना सरपंच धनुर्जय मरकाम, उपसरपंच त्रिनाथ सेठ एवं संस्था प्रमुख अजय कुमार जायसवाल के हाथों किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि जन समुदाय के सहयोग से सीमित संसाधन के बावजूद स्कूल में सुंदर शैक्षिक वातावरण तैयार किया जा रहा है। पिछली बार स्कूली छात्रों को मनोज जैन द्वारा जूता-मोजा एवं लक्ष्मीकांत सहायता द्वारा पानी बॉटल प्रदान किया गया था और इस बार समाजसेवी मनोज अग्रवाल एवं सौरभ गोयल द्वारा सभी छात्रों के लिए हाउस ड्रेस प्रदान किया गया। स्कूली छात्र दीपावली गिफ्ट पाकर काफी खुश हुए। इस दिन 'तैयारी प्रतियोगी परीक्षा की' एवं 'बढ़ते कदम' अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। जिसमें हाईस्कूल विभाग में प्रथम दिव्या राणा, द्वितीय खुशबू यादव, मिडिल विभाग में प्रथम समीर चौहान, द्वितीय दीपक राणा ने हासिल की। इस कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी भागीदारी निभाने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नेपाल साहू द्वारा त्रैमासिक परीक्षा में प्रथम द्वितीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को पेन और पेंसिल प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिरपुर महासमुंद में आयोजित तीन दिवसीय रेडक्रॉस शिविर में काउंसिलर क्रांति कुमार साहू के नेतृत्व में अजय राणा, अनिल ओगरे, संदीप सेठ, सुमित यादव ने भाग लिया। जिन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दिन सभी छात्रों को सरपंच द्वारा नेवता भोज के तहत खीर पुड़ी वितरित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक लक्ष्मण पटेल, एके पटेल, एसके पटेल, उस्ताद अली, कैलाश कमार, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा आदि भी उपस्थित रहे।



### महिलाओं को नरेश ने किया साड़ी वितरण

**महासमुंद।** दीपोत्सव पर्व के दौरान देर शाम हुई बारिश से फुटपाथ पर दीए और अन्य पूजा सामग्री बेचने वाली माता बहनों को शहर के समाजसेवी युवक नरेश नायक साड़ियां भेंट की। नायक का कहना है कि दीपावली के मौके पर सड़क किनारे बैठकर माताएं, बहनें दीये, मिट्टी की प्रतिमा व अन्य पूजा सामग्री बेचती हैं। ऐसे में इन माताओं-बहनों की दिवाली रोशन करने थोड़ी सी खुशी बांटने का काम किया।



### बालिकाओं ने बनाए मां लक्ष्मी के आकर्षक चित्र

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी सहित अंचल में लक्ष्मी पूजा उत्सव घर व मंदिर में संपन्न हुआ। वही आंगन में कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को धन वैभव, समृद्धि के लिए दीपोत्सव के उपलक्ष्य पर मां लक्ष्मी की रंगोली की छवि बनाकर, पूजा अर्चना की और धन वैभव समृद्धि व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। जगह-जगह दीपोत्सव की छवि को रंगों के माध्यम से उकेरा गया जो आंगन में आकर्षण का केंद्र रहा।

# शिक्षकों, पालकों, विद्यार्थियों ने मिलकर मनाया दीपोत्सव पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में दीपावली के पावन पर्व पर दीपोत्सव का भव्य आयोजन स्नेह,हर्षोल्लास के साथ हुआ। विद्यालय परिसर दीपों की मनमोहक आभा से जगमगा उठा, संस्कृति-संस्कार की उज्ज्वल छटा बिखर गई और स्कूल का वातावरण आनंदमय हो उठा। दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि डॉ आशीष दास ) एवं पालक सदस्य चंपालाल डडसेना, दुतिया अजगर आदि की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सेजेस प्राचार्य प्रदीप नारायण सेठ, प्राचार्य जगदीश पटेल, व्याख्याता महेश नायक, प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी, शिक्षक श्याम सुन्दर दास, विशिकेशन नैरोजी, रश्मि राजा, धनपत सिदार, भृत्य घसियाराम चौहान एवं उत्साही लगनशील विद्यार्थियों तनुष्का नायक, रिया प्रधान, श्रद्धा सुमन पाणिग्राही, अपूर्वा साहू, काजल अग्रवाल, खुशबू सोनी, तमन्ना शर्मा, राधिका डडसेना, देविका साव, आयुष बरिहा, ईशिथ सेठ आदि की ख़ास उपस्थिति रही।

दीपावली के अवसर पर दीपदान विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सुंदर रंग बिरंगे रंगोली सजाई और अपने कलात्मकता का बखूबी प्रदर्शन किया। दीप प्रज्वलित कर सबने हृदय की गहराईयों से पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, पालकों, शिक्षकों की भागीदारी मुख्य आकर्षण केंद्र रहा। सेजेस प्राचार्य प्रदीप नारायण सेठ द्वारा सभी के लिए मिठाई,प्रसाद की व्यवस्था की गई। मुख्य अतिथि डॉ आशीष दास के मंत्रोच्चार एवं भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर पूजन अर्चन के साथ दीपदान कार्यक्रम का सुंदर आगाज़ हुआ। दीपावली के दिन शिक्षा के मंदिर (देवालय) में दीया जलाकर स्कूल को खूब रोशन किया गया।



एसएमडीसी अध्यक्ष डॉ आशीष दास ने दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए दीपदान के महत्व बताया। सेजेस प्राचार्य प्रदीप नारायण सेठ ने कहा कि दीपोत्सव अपने आपमें अनूठा कार्यक्रम है,इसका आयोजन सामुदायिक सहभागिता से स्कूल में होने से इसका महत्व और बढ़ जाता है। आदर्श उमावि सरायपाली प्राचार्य जेपी पटेल ने कहा कि हमें इसी प्रकार आपस में मिल जुलकर बालहित में सतत रूप से कार्य करना चाहिए जिससे उपलब्धियों में वृद्धि स्पष्ट दृष्टिगोचर हो सके। उन्होंने दीपोत्सव के संदर्भ में सारगर्भित जानकारी दी। पालक सदस्य चंपालाल डडसेना ने कहा कि अवकाश के दौरान आप सभी की उपस्थिति को देखते हुए काफी खुशी हो रही है यह आपकी सकारात्मक ऊर्जा,निष्ठा को दर्शाता है। पालक सदस्य दुतिया अजगर ने दीपोत्सव कार्यक्रम की सराहना किया एवं आयोजन की सार्थकता पर बल दिया। व्याख्याता महेश नायक ने कहा कि दीपोत्सव का कार्यक्रम विद्यालय परिवार में एक नई ऊर्जा, नई स्फूर्ति, नई उमंग का संचार करने महत्वपूर्ण कदम है। व्याख्याता तिलोत्तमा बारीक ने कहा कि दीपदान मन में सकारात्मक संकल्प और दृढ़ इच्छाशक्ति का एक विहंगम पल है। शिक्षक यशवन्त कुमार चौधरी ने बताया कि इस दीपोत्सव पर्व में माटी के महत्व, कला कौशल, संस्कृति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता जलंधर वर्गे एवं आभार प्रदर्शन प्रपा यशवंत कुमार चौधरी ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411